11/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के तुत्सा समुदाय द्वारा आज तुत्नु गाँव में 'पोंगतु कुह' उत्सव बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया। तुत्नु गाँव इस समुदाय का पैतृक निवास है, जिसके लोग राज्य के तिराप और चांगलांग ज़िलों में रहते हैं। इस उत्सव के मुख्य संरक्षक और 55-खोंसा पूर्व के विधायक, वांगलाम साविन ने कहा कि उत्सव की परंपराओं को संरक्षित करना इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर, तुत्नु ब्लॉक के ZPM, नानहांग फुकसा ने 'पोंगतु कुह' से जुड़ी पौराणिक कथा साझा की। उन्होंने इस उत्सव को तुत्सा समुदाय का सबसे प्रमुख और प्राचीन कृषि उत्सव बताया, जिसे वर्षा ऋतु के आगमन से ठीक पहले बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग तथा राज्य के विभिन्न हिस्सों से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों सहित आम नागरिकों ने कल दिकिंग गाँव स्थित आवास में अरुणाचल प्रदेश सरकार के विद्युत विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता स्वर्गीय इंजिनीयर ओगाम आपुम को श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी। उनका निधन गुरुवार को हुआ था।

वे राज्य के जनजातीय समाज से पहले इलेक्ट्रीकल इंजिनीयर ग्रजुएट थे और अपनी समर्पित सेवा के बल पर अरुणाचल प्रदेश से विद्युत विभाग में पहले चीफ़ इंजिनीयर भी बने।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले के ख्रिमू गाँव के जर्मिटेंग में दो दिवसीय पहला Wudong Mentoh Rhododendron महोत्सव 2026 आज से शुरू हुआ। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू एवं मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस क्षेत्र में रोडोडेंड्रोन की साठ से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जो अप्रैल से मई के बीच अपने खिलने चरम में अत्यंत मनोहारी दृश्य प्रस्तुत करती हैं।

0000000000000000000000

जिला स्तरीय NCORD समिति की बैठक कल यूपिया स्थित डीसी कॉनफ्रेंस हॉल में सहायक आयुक्त पापुम पारे, श्रीमती दाना उन्ना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने जिले में बढ़ती नशा सेवन की समस्या से निपटने के लिए डिटॉक्सिफिकेशन शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही गुमतो, दोइमुख और बंडरदेवा-सोनाजुली-होलोंगी कॉरिडोर जैसे संवेदनशील और नशा प्रभावित क्षेत्रों में जांच और निगरानी को और सख्त करने पर बल दिया गया, जो हाल के समय में मादक पदार्थों की तस्करी के हॉटस्पॉट बनकर उभरे हैं।

0000000000000000000000

तवांग में आज आगामी जनगणना 2027 को लेकर राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें अरुणाचल प्रदेश के सभी उपायुक्त-सह-प्रधान जनगणना अधिकारियों ने भाग लिया और रणनीतिक योजना तथा समन्वय पर चर्चा की। सत्र की अध्यक्षता आयुक्त (परिवहन एवं विधि) सौगत बिस्वास ने की, जिन्होंने सफल जनगणना के लिए सटीकता, तैयारी और समन्वय के महत्व पर जोर दिया। सम्मेलन में जनगणना संचालन निदेशक, अरुणाचल प्रदेश, बिस्वजीत पेगू द्वारा तकनीकी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें जनगणना 2027 के लिए विस्तृत रणनीतियाँ और प्रमुख कार्य बिंदु साझा किए गए।

0000000000000000000000

राज्य सरकार की 'ग्रीन एंड क्लीन अरुणाचल मिशन' के तहत ईस्ट सियांग जिले के रुक्सिन सर्कल के देबिंग गाँव के 'यंग स्टार ग्रुप' ने आज गाँव की सड़कों के किनारे विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे लगाकर वर्षभर चलने वाले वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। आदी बाने केबांग के आयोजक तारिन तायिंग के नेतृत्व में समूह ने पाँच वर्षीय कार्य योजना अपनाई है, जिसके तहत सड़कों के किनारे, स्कूलों, नदी तटों और सार्वजनिक स्थलों को कवर किया जाएगा।

रुक्सिन के एडीसी किरण निंगो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के लिए सरकार 'अनटाइड फंड' प्रदान करती है और उपलब्धता के आधार पर युवाओं के प्रयासों में वित्तीय सहायता दी जाएगी। रुक्सिन (1) के जेडपीएम तायाम दारांग ने वनीकरण योजना के तहत धन उपलब्ध कराने की पहल करने की बात कही।

0000000000000000000000

रीसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ वर्ल्ड्स एंशिएंट ट्रेडिशन्स, कल्चर्स एंड हेरिटेज (RIWATCH) ने आज रोइंग परिसर में एक इन-रीच ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भावी शिक्षकों को राज्य की लुप्तप्राय जनजातीय भाषाओं और संस्कृतियों के संरक्षण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना था। तेजू स्थित देनिंग कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन के 120 बी.एड. छात्र एवं संकाय सदस्य इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में जनजातीय समुदायों के साथ कार्य कर रहे शोधकर्ताओं के अनुभवों और संस्थानों की कार्यप्रणाली की जानकारी साझा की गई। साथ ही अरुणाचल के त्योहारों और संस्कृति पर आधारित वृत्तचित्रों का विशेष प्रदर्शन भी किया गया।

0000000000000000000000

भारतीय सेना की स्पीयर कॉर की स्पीयरहेड डिवीजन द्वारा छब्बीस अप्रैल को लोअर सियांग जिले के लिकाबाली सैन्य स्टेशन में रक्षा बलों के पूर्व सैनिकों की रैली आयोजित की जाएगी।

इस रैली का उद्देश्य पूर्व सैनिकों के साथ संपर्क मजबूत करना और उनकी कल्याण संबंधी आवश्यकताओं का समाधान करना है।

0000000000000000000000

सरकार ने कहा है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और शुक्रवार को 51.5 लाख से अधिक सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए देशभर में कार्रवाई जारी है। कल पूरे देश में 3400 से अधिक छापेमारी की गई। इस बीच, भारत-ध्वज वाला एलपीजी पोत 'जग विक्रम' आज सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गया, जो लगभग 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर जा रहा था।

0000000000000000000000